तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



10 ठंड बढ़ते ही घरों से निकलने लगे गर्म कपड़े...





10 भूमिपूजन में शामिल हुए विधायक




## खबर संक्षेप

### झलप में पिता से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम झलप में पिता के साथ मारपीट करने के आरोप में बेटे के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पटेवा पुलिस को प्रार्थी राम कुमार देवांगन ने बताया कि 13 नवंबर की रात्रि करीबन 07.30 बजे व अपने घर में था, उसी समय उसका बेटे बेटे ने गाली गलौच कर डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से कमर में चोट आई है। मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### भीखापाली से बाइक पार

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम भीखापाली में घर के सामने खड़ी बाइक अज्ञात ने पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। ग्राम भीखापाली निवासी विनय कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि 6 नवंबर की शाम वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जी क्यू को घर के सामने बसना-बिलाईगढ़ मुख्य मार्ग में खड़ी की थी। हैंडल लॉक कर सो गया था। दूसरे दिन सुबह भाई मनोज कुमार पटेल ने देखा वहां बाइक नहीं थी।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस को प्रार्थी छगन सेन निवासी छगन सेन वार्ड नंबर 07 ने बताया कि 18 नवंबर को काम से आने के बाद रात्रि करीबन 10:40 बजे शिव चौक पर बैठा था। तभी नयापारा महासमुंद का समीर खान आया और गाली गलौज करने लगा, जिसे मना किया तब उसने करण रामटेके व अन्य को बुलाकर उसके साथ मारपीट कर किसी ठोस वस्तु से बांये पैर में मारकर चोट पहुंचाया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 30 साल में बढ़ी बसाहट से शहर के बीच पहुंचा एफसीआई गोदाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के विस्तार के साथ ही जो एफसीआई गोदाम 30 साल पहले शहर के बाहरी हिस्से में आता था, वह शहर के रहवासी क्षेत्र में बढ़ोत्तरी के साथ बीच में पहुंच गया है। आए दिन यहां पर लगने वाली ट्रकों की कतार से इस मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोग और रहवासी खासे परेशान हैं। एफसीआई से लोहिया चौक तक अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती बनी रहने के साथ भारी ट्रकों की आवाजाही ने इस मार्ग की दुर्दशा भी कर रखी है।

एफसीआई गोदाम आस-पास निवासरत लोगों के लिए अभी भी परेशानी का सबब बना हुआ है।

## लोहिया चौक तक अक्सर बनी रहती है ट्रैफिक जाम की स्थिति



### स्कूल लगने व छूटने के समय दुर्घटना की आशंका

मालूम हो कि लौहिया चौक से पिटियाझर मंडी तक सड़क की दोनों ओर बाजार लगातार बढ़ रहा है और इसी सडक पर वेडनर स्कूल और न्यू होलीफेथ स्कूल संचालित हैं। जहाँ हजारों बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल लगने व छूटने के दौरान ट्रकों के जमावड़े और उसकी आवाजाही के चलते हमेशा छात्र-छात्राओं के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर महाराष्ट्र बैंक से लोहिया चौक तक सड़क संकरी होने के कारण यहाँ जाम लग जाता है और वाहनों की आवाजाही बंद हो जाती है। स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों व यहाँ के निवासियों का कहना है कि वर्षों से यही हाल है। सड़क संकरी होने के कारण परेशानी होती है। वहीं स्कूल के समय हमेशा डर बना रहता है। पिछले कई वर्षों से एफसीआई गोदाम को शहर से बाहर शिफ्ट करने की मांग उठ रही है, पर कुछ नहीं हो रहा है।

आज सुबह भी एफसीआई से लेकर ब्राह्मण समाज भवन तक ट्रकों की लंबी कतार लगी रही। जिससे लोग सड़क के एक तरफ से ही आना-जाना करते रहे, जिससे सुबह जाम की स्थिति बनी रही।

### बेतरतीबी से खड़े किए जाते हैं वाहन

स्थानीय निवासियों की मानें तो जब भी चावल का रैक आता है। इस मार्ग में ट्रकों की आवाजाही बढ़ जाती है और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में ट्रक चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हैं। साथ ही बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करते हैं। जिससे सड़क वन-वे हो जाती है। एक तो सड़क संकरी और उस पर भारी वाहनों के खड़े होने से परेशानी होती है।

## पुनरीक्षण कार्य : घर-घर पहुंच रहे बीएलओ, लोग किसानी कार्य में व्यस्त

# धान कटाई और शादी के सीजन में मतदाता सूची अपडेशन का काम धीमा, 4 तक समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में इन दिनों संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य धान कटाई के व्यस्त सीजन और आगामी शादी-ब्याह के माहौल के बीच एक बड़ी चुनौती बन गया है। एक तरफ जहां किसान अपनी साल भर की मेहनत की कमाई, यानी धान की फसल को सहेजने और समर्थन मूल्य पर बेचने की व्यवस्था में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर घूमकर भी मतदाताओं को तलाश नहीं पा रहे हैं। 4 दिसंबर तक एसआईआर का काम पूरा करने की समय सीमा बीएलओ और किसानों, दोनों के लिए समय की कसौटी बन गई है। बता दें कि जिले में लगभग 8 लाख 86 हजार 422 पंजीकृत मतदाता हैं। जिसमें अभी तक लगभग 1,94,199 एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरित हुआ हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में किसानों की सबसे बड़ी प्राथमिकता धान की कटाई और मिसाई है।

किसान सुबह से शाम तक खेतों में हार्वेस्टर, ट्रैक्टर और खलिहान में व्यस्त हैं। इसके तुरंत बाद उन्हें सहकारी समितियों में धान बेचने की प्रक्रिया में लगना है। इसी वजह से मतदाता अपने घर पर बीएलओ को नहीं मिल पा रहे हैं। बीएलओ जिस समय फॉर्म जमा करने या सत्यापन के लिए घर पहुंचते हैं, उस समय मतदाता खेत पर होते हैं। इस समय के बेमेल ने एसआईआर के कार्य की गति को धीमा कर दिया है। जो मतदाता मिल भी रहे हैं, उनके पास एन्युमरेशन फॉर्म भरने के लिए पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं होते हैं। किसानों की प्राथमिकता अपनी फसल को सहेजने की है, जिससे वे मतदाता सूची से जुड़े जटिल और तकनीकी दस्तावेज़ीकरण पर तुरंत ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

### शादियों का सीजन बनी नई चुनौती

धान कटाई के बाद अब जिले में शादियों का सीजन भी शुरू होने वाला है। इस साल कम लग्न होने के कारण गिने-चुने शुभ मुहूर्त में अधिक शादियां हैं। किसान और उनके परिवार अब जल्द ही शादी-समारोहों में व्यस्त हो जाएंगे। इससे मतदाताओं को घरों पर ढूंढना बीएलओ के लिए और भी मुश्किल हो जाएगा।

### एन्युमरेशन फॉर्म भरने में बड़ी दिक्कतें

ग्रामीण और अपेक्षाकृत कम पढ़े-लिखे मतदाताओं के लिए एन्युमरेशन फॉर्म भरना भी एक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। बीएलओ द्वारा घर-घर में फार्म तो वितरित कर दिए गए हैं, लेकिन मतदाताओं को यह समझ नहीं आ रहा कि इसे सही तरीके से कैसे भरा जाए। जानकारी के अनुसार, जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ मतदाताओं को दो प्रतियों के बजाय सिंगल एन्यूमरेशन फार्म ही वितरित कर रहे हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि एक प्रति बीएलओ अपने पास सही जानकारी भरने और पावती देने के लिए रख सकें, क्योंकि ग्रामीण मतदाता स्वयं गलती कर सकते हैं।

### वोटर लिस्ट में ईपीआईसी नंबर का संकट

एसआईआर के कार्य में एक बड़ी तकनीकी बाधा ईपीआईसी नंबर को लेकर आ रही है। जिले में ऐसी बहुओं को फॉर्म भरने में विशेष दिक्कत आ रही है, जो 2003 के बाद ससुराल आई हैं। उन्हें अपने माता-पिता के वोटर आईडी कार्ड मंगाने पड़ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कई पुरानी वोटर लिस्ट में, खासकर बहुओं के माता-पिता की सूची में ईपीआईसी नंबर दर्ज नहीं है। निर्वाचन विभाग के पोर्टल पर भी सूची खोजने में मतदाताओं को यही दिक्कत आ रही है।

## पिलवापाली पंचायत में टैंकर से पानी सप्लाई, लाखों खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत पिथौरा के पिलवापाली पंचायत में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह टैंकरों के भरोसे की जा रही है। बड़ी बात यह है कि न तो फिल्टर पानी उपलब्ध है, न ही मिनरल वाटर की व्यवस्था, बावजूद इसके पंचायत द्वारा लाखों रुपये खर्च कर ग्रामीणों को सिर्फ सामान्य टैंकर का पानी पिलाया गया।

पंचायत में 31 हजार रुपये की बूंदी ग्रामीणों में बंटाई गई, वहीं टैंकरों से पानी की सप्लाई पर भारी खर्च सामने आया है। बिल रिकॉर्ड के अनुसार 12 जुलाई, 2025 को जारी बिल में कुल 127 टैंकर पानी लेने की जानकारी दर्ज है। प्रति टैंकर 1400 रुपए की दर से कुल 1,77,800 रुपए की राशि खर्च की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े खर्च के बाद भी उन्हें सिर्फ साधारण पानी मिला, जबकि सरकारी योजनाओं के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना पंचायत की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं कि जब लाखों रुपये पानी पर खर्च किए जा रहे हैं, तो फिल्टर या मिनरल वाटर की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई? हमारे संवाददाता से बात करते हुए सरपंच ने स्वीकार किया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मृत

**महासमुंद।** ग्राम पौंसरा में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर मंगलवार सुबह ट्रक चालक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, बसना थाना क्षेत्र में हुई घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ट्रक चालक के खिलाफ धारा 184,106(1)) तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शुभम कंवर ने थाने में शिकायत की है कि बालसी सरायपाली में स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ वार्ड 4 बाँधपारा नरसिंहपुर जगदीशपुर निवासी उनके पिता दीपक कंवर पिता लिस्मोन कंवर (57) मंगलवार को बाइक क्रमांक सीजी 22 ए जी 6438 से जगदीशपुर से सरायपाली जा रहा था। लगभग 11:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में ग्राम पौसरा होटल के पास पीछे से ट्रक क्रमांक एच आर 73 बी 2352 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। ालूम हो कि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर व लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक के पर्स में रखे। आधार कार्ड के माध्यम से मृतक की पहचान की और घटना की जानकारी परिजनों को दी।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में केंद्रों पर तीसरी आंख अनिवार्य, पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पहल, लाइव ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग भी होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में पारदर्शिता और सख्त निगरानी सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्रों के लिए एक व्यापक सीसीटीवी पॉलिसी जारी की है, जिसका पालन जिले के सभी सीबीएसई स्कूलों को भी सख्ती से करना होगा। इस निर्देश के तहत, जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर अब लाइव ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। सीबीएसई के निर्देशों के अनुसार, जिले में 17 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। इस परिक्षा में जिले के हजारों छात्र शामिल होंगे। बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि सीसीटीवी सुविधा से लैस नहीं होने वाले किसी भी स्कूल को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। स्थानीय स्कूल प्रबंधन को बोर्ड को अपनी सहमति देनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके परिसर में बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सीसीटीवी प्रणाली स्थापित है। यह निर्देश जिले के उन सभी सीबीएसई स्कूलों पर तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए केंद्र बनने की इच्छा रखते हैं। सीबीएसई ने एक मानवीय पहलू पर भी जोर दिया है। बोर्ड ने कहा है कि स्कूलों को बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले छात्रों को सीसीटीवी कैमरों की उपस्थिति के बारे में सूचित करना अनिवार्य होगा। स्कूलों को हैंडबुक, नोटिस बोर्ड, वाफिक्स, टेक्स्ट या ओरिएंटेशन कार्यक्रमों के माध्यम से स्पष्ट रूप से यह जानकारी देनी होगी कि वे सीसीटीवी की सख्त निगरानी में हैं। यह जानकारी भय पैदा करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें पारदर्शिता के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करने हेतु दिए जाएंगे।

### एंट्री गेट से लेकर डेस्क तक होगी लाइव कवरेज

पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए, सीसीटीवी कैमरे लगाने के स्थानों को लेकर सीबीएसई ने अत्यंत विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। जिले के स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कैमरे केवल मुख्य द्वारों या गलियारों तक ही सीमित न रहें। एंट्री-एग्जिट गेट और सभी गलियारे, सभी कक्षाए और लैब जहां परीक्षा आयोजित की जाएगी पर भी लगे होने चाहिए। इस पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य नकल की किसी भी गुंजाइश को खत्म करना है। पूरी परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों की लाइव कवरेज होगी, जिसे जरूरत पड़ने पर रिकॉर्डिंग के माध्यम से बाद में समीक्षा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### रिकॉर्ड समय में जारी हुई डेटशीट, तैयारी तेज

एक ओर जहां सीसीटीवी पॉलिसी को लेकर जिले के स्कूलों में हलचल है, वहीं दूसरी ओर सीबीएसई ने इस बार परीक्षा शुरू होने से 110 दिन पहले ही रिकॉर्ड समय में डेटशीट जारी कर दी है। 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026, 17 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक, वहीं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026, 17 फरवरी से 9 अप्रैल 2026 तक होनी है। परीक्षाएं विषयों के अनुसार सुबह 10.30 बजे से शुरू होकर दोपहर 12.30 बजे या 1.30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जिले के प्राचार्य और शिक्षक अब इस विस्तृत डेटशीट के आधार पर छात्रों की अंतिम चरण की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## जल संचय को लेकर जिला को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिले को जल संचय और जन भागीदारी (जेएसजेबी 1.0) के तहत पूर्वी जोन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले के रूप में सम्मानित किया है। जिले को कैटेगरी 2 में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए जिले को एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है।

नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन आयोजित 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय, जन भागीदारी अवॉर्ड समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह पुरस्कार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को प्रदान किया। **केंद्रीय मंत्रियों और अधिकारियों रहे मौजूद:** इस अवसर पर केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल, केंद्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री वी सोमन्ना मौजूद रहे। जिले की ओर से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के साथ जल संसाधन विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता अजय खरे भी मौजूद रहे। जिले में कुल 35,182 जल संरचनाओं के निर्माण के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है।



### जिलेवासियों का प्रयासों का परिणाम

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जिला प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और जिले वासियों के अथक प्रयासों और सक्रिय सहभागिता के कारण ही जल संचयन और जन भागीदारी अभियान में यह सफलता मिली है।


जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

आवश्यकता
आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम, कोसरंगी
शिक्षकों की आवश्यकता
गुरुकुल में निम्न विषयों के लिए योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है:
- हिंदी
- अंग्रेजी
- गणित
- कम्प्यूटर
- ऑफिस कार्य हेतु सहायक स्टाफ

योग्यता : बी.एड. एवं एम.ए. किए हुए अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा व आवश्यक दस्तावेज़ सहित संपर्क करें-
9977245110, 9435272627

विनम्र श्रद्धांजलि
ग्यारहवीं पुण्यतिथि
हर पल आपकी याद आयेगी आपके साथ बीते लम्हो को कैसे भूल पायेंगे साथ तो ईश्वर ने हमसे छीन लिया पर यादों में हमेशा बसकर हमारा साथ आप निभायेंगी...





स्व. श्रीमती मीरा श्रवण चंद्राकर (भारद्वाज)
जन्म-04/07/1958 | स्वर्गवास-20/11/2014
मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष-13
ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर सादर नमन...
विनीत : दाऊ श्रवण कुमार चंद्राकर (पति), डॉ. हेमंत चंद्राकर (पुत्र), ईजी. गौरव चंद्राकर (पुत्र), हिमांशु चंद्राकर (पुत्र), तुषांत चंद्राकर (पुत्र), अपूर्व चंद्राकर (नाती), विहान चंद्राकर (नाती), खुशाल चंद्राकर (नाती)
समस्त भारद्वाज परिवार (बकमा) (लभराखुर्द), महासमुंद
निवास : मीरा-श्रवण सदन बकमा बाड़ा, महासमुंद

## खबर संक्षेप



### सहकारी महिला समिति की हुई आम सभा

**महासमुंद।** धनश्री बहुउद्देशीय सहकारी महिला समिति की पांचवीं आमसभा ब्लेलॉक स्कूल में रखी गई। लक्ष्मी माता एवं सरस्वती माता की प्रतिमा में पुष्पमाला अर्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अनीता जी रावटे, उपाध्यक्ष अरुणा शुक्ला, संस्थापक प्रीति शर्मा, सती साहू, किरण सिंघल, नंदा रंगारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सम्मान प्राप्त करने वाली प्रेमशीला बघेल को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंटकर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे संघर्ष से वे आगे बढ़े और महिलाओं को भी आगे आने के लिए प्रेरित किया। कुमकुम शुक्ला, पद्मनी साहू एवं चंद्रकला साहू द्वारा मनमोहक गीत एवं भजन प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष अनीता जी रावटे ने अपने उद्बोधन में धनश्री महिला समिति में हुए आय व्यय का विवरण दिया एवं महिलाओं को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि महिलाएं चाहें तो छोटे छोटे व्यवसाय कर घर से ही अपना कार्य प्रारंभ कर सकती है। सती साहू सर्व सम्मति से नई अध्यक्ष चुनी गई। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉली शर्मा एवं आभार प्रदर्शन अरुणा शुक्ला ने किया।

### ढाबा में चोरी, शटर को सब्बल से मोड़कर घुसे चोर

**कुरुद।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों और व्यापारियों में दहशत का माहौल बना दिया है। सोमवार की रात कुरूद बस स्टैंड स्थित देवेंद्र ढाबा में चोरी हुई। अज्ञात चोरों ने शटर को सब्बल से मोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। ढाबा संचालक के अनुसार लगभग 40 हजार रुपये की चोरी हुई है।

# ठंड बढ़ते ही घरों से निकलने लगे गर्म कपड़े, स्टॉल पर पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अचानक बड़ी ठंड ने गर्म कपड़ों की बाजार में डिमांड बढ़ा दिया है। इससे गर्म कपड़ों की दुकानों व सड़क किनारे लगे स्टॉल पर स्वेटर, जैकेट, शॉल आदि खरीदने ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। यहां पर अलग-अलग वैरायटीज और रेंज के गर्म कपड़े हर उम्र वर्ग के लिए उपलब्ध है।

गर्म कपड़ों के विक्रेता टीनू श्रीवास्तव व अन्य दुकानदारों का कहना है कि उनके स्टॉल में बेहतर क्वालिटी की सभी तरह के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं। इनमें बच्चों से लेकर बड़ों तक के गर्म कपड़े हर वैरायटी, डिजाइन, साइज और बजट पर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। हर बार की तरह इस साल भी गर्म कपड़ों में नए पैटर्न और वैरायटी का कलेक्शन किया गया है। अचानक इस बार ठंड बढ़ने के साथ ही जैकेट, स्वेटर, कंबल, रजाई, टोपी, मफलर, दास्ताना सहित अन्य कपड़े की बिक्री शुरू हो गई है। बदलते परिवेश में फैसी कंबलों की मांग बढ़ गई है। शाम ढलने के साथ ही लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे है।

गौरतलब है कि इस वर्ष अगहन माह के तीसरे सप्ताह में ठंड बढ़ने लगी है। सूर्यास्त के बाद तथा अलसुबह ठंडी हवाएं चल रही है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। दिन का अधिकतम तापमान जहां 26 डिग्री सेल्यसियस तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रिकार्ड किया जा रहा है। इसके चलते गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। पहले लोग पारंपरिक रजाई का उपयोग करते थे।

बदलते परिवेश में फैंसी कंबलों की मांग बढ़ गई है। बाजार में पोलो, फलालेन, जयपुरी, कश्मीरी व वेलवेट की कंबलें चार सौ से दो हजार रुपए के भाव में उपलब्ध हैं। इसी तरह देशी व कई कंपनी की रजाइयां उपलब्ध है। पिछले साल की तुलना में इस बार रूई के भाव में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पहले की तुलना में कंबलों की मांग ज्यादा है। हालांकि रजाई की मांग अब भी है।

इसी तरह जैकेट, स्वेटर, दास्ताना, मंकी कैप आदि की बिक्री हो रही है। रेडीमेड गारमेंट्स के संचालकों ने बताया कि ठंड में इस बार युवकों के लिए लेदर व ऊन के जैकेट, स्वेटर, कोट, दास्ताना, टोपी आदि पांच सौ से तीन हजार रुपए में उपलब्ध हैं। इसी तरह महिलाओं व युवतियों के लिए फैसी स्वेटर, जैकेट आदि उपलब्ध है। नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में ठंड बढ़ने के बाद गर्म कपड़ों की पूछ परख शुरू हो गई थी। अब ठंड बढ़ने के साथ ही लोग गर्म कपड़ों की खरीददारी में जुट गए है।

# भूमिपूजन में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम सिरगिड़ी से जामली के लिए बनने वाले सड़क एवं पुल-पुलिया के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधि विधान से पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही आए हुए अन्य अतिथि, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन भी भूमिपूजन में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारी प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में विकास में नए कार्यों की सौगात दे रहे हैं। इसमें हमारा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र भी लगातार विकास के रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी सड़क, पुल पुलिया के निर्माण की स्वीकृति लगातार मिल रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सरल हो रही है। बरसात के दिनों में होने वाले आवागमन में असुविधा से छुटकारा मिल रहा है।

आगे कहा कि विकास कार्यों के इसी क्रम में आज ग्राम जामली से सिरगिड़ी मार्ग के निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ है। इसमें पुल पुलिया सहित करीब 2.850 किमी मार्ग बनेगा, जिसकी लागत करीब 268.28 लाख रुपए है। ऐसे ही महासमुंद विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में सुशासन सरकार बनने के बाद कई निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है। महासमुंद में बीटीआई रोड का सौंदर्यीकरण हो रहा है। वहीं तुमगांव रोड का भी चौड़ीकरण कार्य जारी है।

**यह रहे उपस्थित:** इस दौरान भाजपा नेता रमेश साहू, देवीचंद राठी, प्रशांत श्रीवास्तव, जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर, सरपंच अनेश्वरी चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, आलोक चंद्राकर, शरद राव, लोकेश चंद्राकर, भैरव पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महीनों से नेटवर्क खराब, प्रकाश की पहल पर कलेक्टर ने तुरंत दिए जांच के निर्देश

## अंकोरी सहित कई गांवों में नेटवर्क संकट गहराया, सभापति सिन्हा के ज्ञापन पर प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने ग्रामीणों की गंभीर नेटवर्क समस्या को लेकर जिला कलेक्टर महासमुंद को विस्तृत ज्ञापन सौंपा था, जिसमें कई गांवों में लंबे समय से नेटवर्क पूरी तरह बाधित रहने की बात प्रमुख रूप से उठाई गई थी।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंकोरी, कायतपाली, ठाकुरपाली, पलसापाली (अ), देवरी समेत आसपास के अनेक गांव लगातार कमजोर नेटवर्क से परेशान हैं। कई स्थानों पर नेटवर्क दिनों नहीं, बल्कि महीनों से बंद है, जिससे शासन की योजनाएँ, अस्पताल संबंधी सेवाएँ,



ऑनलाइन शिक्षा, बैंकिंग कार्य और राशन वितरण जैसी बुनियादी सुविधाएँ बाधित हो रही हैं। सिन्हा ने कहा कि डिजिटल युग में नेटवर्क के बिना ग्रामीण जीवन ठप हो जाता है। शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाएँ भी सही तरीके से लागू नहीं हो पा रही हैं। यह समस्या अब जनजीवन को प्रभावित करने लगी है, इसलिए इसका समाधान आवश्यक है। सभापति सिन्हा ने जिला प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि यह ग्रामीणों के हित में बहुत महत्वपूर्ण कदम है, और उम्मीद है कि जल्द ही परिणाम दिखाई देंगे।

### कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई, संबंधित विभाग को दिए जांच के निर्देश

ज्ञापन मिलते ही जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए बिना देरी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों को तत्काल जांच एवं तकनीकी कार्यवाही के निर्देश जारी कर दिए। कलेक्टर ने विभाग को स्पष्ट कहा है कि सभी प्रभावित गाँवों की मैदानी जाँच कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट दें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

### ग्रामीणों में उम्मीद की नई किरण

सिन्हा द्वारा उठाए गए इस मुद्दे और कलेक्टर की त्वरित प्रतिक्रिया से ग्रामीणों में राहत की उम्मीद बढ़ी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि नेटवर्क समस्या का समाधान हो जाता है, तो शासकीय योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बैंकिंग सेवाओं में तेजी आएगी।



### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का हुआ दिवाली मिलन

**महासमुंद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक महासमुंद का दीपावली मिलन का कार्यकम ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर भलेसर रोड, में हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जार्ज सवटे तथा संरक्षक पारस चोपड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने शाला संचालन में शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारी बार-बार मांगे जाने तथा ऑनलाइन जानकारी भेजने के बावजूद हार्ड कापी जमा करने के आदेश पर चर्चा की गई। शासन से मांग की गई कि जब जानकारी ऑनलाइन किया जा चुका है तो हार्ड कापी जमा करने की आवश्यकता न पड़े। अनिवार्य शिक्षा की बकाया राशि तत्काल भुगतान की शासन से मांग की। अंत में संरक्षक पारस चोपड़ा, जिला अध्यक्ष डॉ जार्ज रावटे, ब्लाक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले, जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आरके तिवारी सभी वक्ताओं ने दीपावली सभी सदस्यों को बधाई दी तथा संस्थाओं में कार्यरत सभी कर्मचारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भूपेंद्र राठौर, महेंद्र जैन, प्राचार्य देवांगन, शरद जैन, संजय वासनिक, श्री राव, दुशन साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। कार्यकम का प्रारंभ सरस्वती माता के चित्र पर मालार्पण से किया गया। उपस्थित सदस्यों का स्वागत संस्था प्रभारी अंजली सिन्हा द्वारा कुमकुम लगाकर किया गया। उक्त जानकारी ब्लाक अध्यक्ष माधव राय टांकसाले ने दी।

# छात्रों व शिक्षकों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ



**पिथौरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नशा उन्मूलन का संकल्प लिया। इस अवसर आर संकुल प्राचार्य नंद कुमार चौधरी ने नशा तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज सभी के लिए घातक है, इसलिए इनसे हमें बचकर रहना चाहिए। जागरूकता और आत्मनियंत्रण से नशा से बचा जा सकता है। संस्था के अन्य व्याख्याताओं ने भी नशा के नुकसान बताते हुए नशा से कोसों दूर रहने का विद्यार्थियों से आह्वान किया। उद्बोधन पश्चात चौधरी ने बच्चों को सामूहिक रूप से नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई। जिसमें विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे तंबाखू, शराब और अन्य किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों से दूर रहेंगे एवं अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दरमियान नंद कुमार चौधरी, रमेश प्रजापति, पुष्पा पटेल, महेश पटेल, गायत्री सिन्हा, अनिता नायक, अमिता शुक्ला, दया राम पटेल, कृष्ण कुमार ठाकुर, नरेश बरिहा, सुलोचना पटेल, गिरजा साहू, उमाशंकर नायक, पवन पटेल, प्रेमलता पटेल, धरम वीर यादव व नीता जगत सहित काफी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसान हित में सारे समिति अध्यक्षों को इस्तीफा दे देना चाहिए : अंकित

## किसानों को बेचे धान का फिर से कटवाना होगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- यदि किसानों को टोकन कटा है तो धान भी खरीदा जाए ये जवाबदारी शासन की है

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि इतिहास गवाह है कि जब जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है, किसान हमेशा परेशान हुआ है। पहले धान खरीदी 1 नवंबर से होती थी, अब हुई 15 से और आज 19 तारीख होने के बाद भी 180 से ज्यादा उपार्जन केंद्र जहां 150 से ज्यादा उपार्जन केंद्रों में सोमवार तक खरीदी शुरू नहीं हो पाएगी।

अंकित ने बताया कि भाजपा में कई किसान हितैषी स्वयंभू नेता नदारद हैं। उन्होनें प्राधिकृत अध्यक्षों से कहा है कि किसान हित में यदि खरीदी नहीं हो पा रही है, और विभिन्न अव्यवस्थाएं जिसमें आईडी जनरेट नहीं होना, बार दाने नहीं होना, कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं होना, हमाल नहीं होना, मॉइश्चर मशीन नहीं होना, सुतली, सिलाई वाला नहीं होना जैसी मूलभूत समस्याएं हैं तो इसे प्रशासन को अवगत करवाए और यदि ईमानदारी से किसान हितैषी हैं और उनकी मदद नहीं कर पा रहे तो किसान हित में तत्काल इस्तीफा भी दे देना चाहिए। क्योंकि, किसान सभी प्राधिकृत अध्यक्षों की लाचारी वाले अभिनय को समझ रहे हैं, क्योंकि अगर आप अक्षम हो तो पद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अंकित ने बताया कि असल सच्चाई ये है कि जिन 25 से 30 सोसायटी में धान खरीदी हुई है, वहां आज दिनांक तक ऑनलाइन एंट्री नहीं हुई है याने किसान को भुगतान नहीं मिलेगा और जिस दिन एंट्री होगी उस दिन उस किसान का टोकन फिर से काटना पड़ेगा। याने आगे किसान भाइयों को और संघर्ष करना पड़ेगा।



अंकित ने कहा कि ये शासन प्रशासन की नैतिक जवाबदारी है कि अगर उसने टोकन काटा है तो धान खरीदा जाए, किसान का धान समिति में आकर वापस जा रहा है वो बिल्कुल अनुचित है और किसानों के साथ अन्याय है। साथ ही छोटे किसानों पर जबरन का अतिरिक्त आर्थिक बोझ साय सरकार लाद रही है। अगर ये व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो शीघ्र ही किसानों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने बाध्य होना पड़ेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा तालाब के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया।

पुलिस को प्रार्थी दिनेश कुमार दुबे ने बताया उसके ससुर राजेंद्र प्रसाद शर्मा निवासी इमलीभाठा महासमुंद की ग्राम नांदगांव में किराना दुकान है, जिसका वह स्वयं संचालन करते हैं। 12 नवंबर को रोज की तरह दुकान बंद करके सामान खरीदने के लिये अपने वाहन टीवीएस मोपेड क्रमांक सीजी 06 जीजी 5941 से महासमुंद आ रहे थे, जो शाम करीबन 6.30 बजे के करीब नेशनल हाईवे 353 ग्राम बेलसोंडा तालाब तावरी पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर महासमुंद से रायपुर रोड की ओर जा रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी गति एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके ससुर राजेंद्र प्रसाद शर्मा के कमर, दाहिना पैर के अंगूठे के पास चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### व्रत के साथ घरों में हो रही लक्ष्मी की पूजा अर्चना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में मार्ग शीर्ष मास की शुरुआत कार्तिक पूर्णिमा के बाद से हुई हैं। अंचल में इसे अगहन बृस्पति के दिन से जाना जाता है। महिलाएं पांचों गुरुवार के पहले दिन से घर व आंगन सजाकर, विधिविधान से लक्ष्मी विष्णु की पूजा कर दीपदान कर रही हैं। मंदिरों और घरों में अक्षत, हल्दी, फूल से पूजा कर ,मार्गशीर्ष मास पर सभी पांच गुरुवार को लक्ष्मी और विष्णु की पूजा मंदिरों और घरों में की जा रही है। अगहन में लक्ष्मी जी पृथ्वी पर घर-घर विराजित हुईं थी। विवाहित महिलाएं बुधवार की शाम को घरों को साफ कर, चावल के लेप से रंगोली बना कर, मां लक्ष्मी के आगमन का इंतजार करती है। गुरुवार की सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में सूर्य उदय से पहले आंवला फल, पंचमेवा, खीर पूड़ी का भोग लगती है। इसके बाद शाम को विसर्जन कर व्रत खोलती है और शाम को मोहल्ले में चना दाल, खीर पूड़ी का प्रसाद वितरित करती है। राम मंदिर आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि धर्मशास्त्रों में मार्गशीर्ष के महीने का संबंध ज्योतिष के 27 नक्षत्रों में से एक मृगशिरा नक्षत्र से है इसमें भगवान श्री कृष्ण की पूजा उनके सभी स्वरूपों में की जाती है। इसमें घरों और मंदिरों में शंख की पूजा की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार शंख की उतपत्ति सागर मंथन से हुई है और शंख को देवी लक्ष्मी का भाई माना जाता है, इसकी पूजा करना सुख समृद्धि का प्रतीक है।

# किसानों को धान बेचने से वंचित करने तरह-तरह हथकंडे अपना रही सरकार : अमर

**महासमुंद।** जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि धान खरीदी को बाधित करने के लिए सरकार द्वारा तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न किया जा रहा है। अमर ने बताया कि आज दिनांक बेलटुकरी व अछोली सहित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के अधिकांश सोसाइटियों में धान खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। किसान सुबह से धान लेकर सोसायटी पहुँचे थे। लेकिन, उन्हें गेट के अंदर एंट्री तक नहीं दिया गया। सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हो पाने के कारण टोकन भी नहीं कटा था। आपरेटरों को बिना प्रशिक्षित किए ही सोसायटियों में बैठा दिया गया है। साथ ही नया नियम किसानों पर लाद दिया गया है जिसके तहत टोकन कटने पर एक कोड जारी होगा, जिसे स्केन करने के बाद एंट्री पास दिया जाएगा। ऐसे में किसान पूरी तरह हतोत्साहित हो जाएंगे। समितियों में बारदाने, रस्सी, सुतली की व्यवस्था भी नहीं कराई गई है। कुछ सोसायटियों में बारदाने हैं भी तो उन बारदानों की मार्किंग भी नहीं होने के कारण किसानों को उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। अमर ने बताया कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय 8 नए खरीदी केंद्र जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में खोले गए थे। इनमें से किसी में अब तक खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई है। सरकार इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न कर इन खरीदी केंद्रों को बंद करना चाहती है। अमर ने विज्ञप्ति में बताया कि उन्होंने बेलटुकरी व अछोली धान खरीदी केंद्र जाकर किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि धान लेकर खड़े हैं, लेकिन कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं होने तथा रजिस्टर में उनका भी दर्ज नहीं किया गया है। 15 नवंबर को शुरू होने वाली धान खरीदी आज दिनांक तक शुरू नहीं हो पाई है। सोसायटी कर्मचारियों के हड़ताल के कारण अप्रशिक्षित व अनुभवहीन लोगों को काम पर लगाया गया है, जिससे सभी सोसायटियों की व्यवस्था चौपट हो गई है। यही हाल रहा तो किसान किसी भी हाल में अपना धान नहीं बेच पाएंगे। पूर्व के वर्षों में जिस सरकार के आधी-अधूरी तैयारी के कारण हजारों किसान धान बेचने से वंचित हुए थे, उसी प्रकार की स्थिति इस बार भी निर्मित होने वाली है। सरकार तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर किसानों को परेशान धान बेचने से वंचित करने का षड़यंत्र रच रही है।



# सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के लिए 20 ग्राम पंचायतों का चयन

## चयनित ग्राम पंचायतो में रासेयो स्वयंसेवक बाल अधिकार पर लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रासेयो जिला संगठक कार्यालय शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के अंतर्गत अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो ने बैठक आयोजित किया गया।

डॉ मालती तिवारी द्वारा महासमुंद ब्लॉक में विगत वर्षों में किए गए सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि इस सत्र में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए महासमुंद ब्लॉक के 6 रासेयो महाविद्यालय इकाई द्वारा 20 ग्राम पंचायतों में बाल अधिकार, संरक्षण, शिक्षा पर जागरुकता अभियान 21, 22 एवं 24 नवंबर 2025 को चलाया जाएगा। इस अभियान में स्वयं सेवक नुक्कड़ नाटक, जनजागरुकता रैली, नारा लेखन के माध्यम से लोगों को एवं स्कूल व आंगनबाड़ी में जाकर बच्चों को जागरूक करेंगे। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में भलेसर, कनेकेरा, मोंगरा, शेर में जागरूकता अभियान चलाएंगे। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के डॉ सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवक ग्राम पंचायत मचेवा, भुरका, बरोंडा बाजार, लफ़निकला में जागरुकता कार्य करेंगे। शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के गायत्री चंद्राकर कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवक ग्राम पंचायत खैरा, लभराखुर्द, कोसरंगी, झाल खम्हरिया में जागरूक करेंगे, इसी प्रकार श्याम बालाजी बीएड महाविद्यालय के निर्मल बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में बेमचा, कौन्दकेरा, मुस्की, परसदा में जागरुकता कार्य करेंगे, इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चुम्मन लाल निषाद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बेलसोंडा, साराडीह, खरोरा एवं नांदगांव में बाल अधिकार पर जागरूकता कार्य करेंगे। इस प्रकार से कुल 20 ग्राम पंचायतों में स्वयंसेवकों द्वारा टीकाकरण, लैंगिक उत्पीड़न, पोषक आहार, स्वच्छता, नशामुक्ति, बाल अपराध, सामाजिक व्यवहार आदि विषयों पर नुक्कड़ नाटक, रैली, नारा लेखन से जागरूकता अभियान चलाएंगे। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी सर्वे, सरपंच से सर्वे कर ग्राम पंचायत की जानकारी भी प्राप्त करेंगे। इस प्रकार से सभी उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, डॉ सरस्वती वर्मा, निर्मल बंजारे, चम्पेश्वर साहू बैठक में उपस्थित रहे। सभी उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार राजा ने किया।



## खबर संक्षेप



### हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम गुड़रूडीह में शहीद वीरनारायण सिंह ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। आयोजन समिति के तत्वावधान में चंदन गुलाल लगाकर फूल माला गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। तुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल में खिलाड़ी को खेल भावना का ध्यान रखना चाहिए तथा निर्णायक के निर्णय को न्यायाधीश का आदेश मानना चाहिए। खेल में हार-जीत होती रहती है। हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू है। एक टीम हारती है तो दूसरी जीतती है। हारने वाली टीम को निराश नहीं होकर आगे जीत के लिए प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, वरिष्ठ नेता रमाकांत ध्रुव, वरिष्ठ नेता प्रीतम पटेल, वरिष्ठ नेता धनजी ध्रुव, युवा नेता नारायण पटेल, युवा नेता बिट्टू साहू, सुरेश, महेश, जितेश आदि मौजूद रहे।

### नशा नहीं करने देवरी स्कूल में छात्रों को दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** नशामुक्त भारत अभियान के पांचवीं वर्षगांठ पर विकासखण्ड बागबाहरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में समस्त छात्र-छात्राओं और आम नागरिक को जागरूक करने के लिए नशामुक्त भारत, नशा मुक्त देवरी कार्यक्रम का आयोजन कर नशा न करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि किसी भी प्रकार का नशा हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नशा के दुष्परिणाम से परिवार तबाह हो जाता है। गृह क्लेश होते रहता है। नशा नाश की जड़ है, किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने नशामुक्ति का संदेश दिया। इस दौरान व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, बीएल टंडन, नीलू सोनी, आशीष कुमार यादव, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, रवि प्रकाश पात्रे, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव, नीरज बंजारे, पूजा साहू, जान्हवी साहू, आयुषी साहू, भूमिका साहू, मिथलेश, हंसराज, मोहित कंचन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में दिलाई गई नशामुक्त की शपथ

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में यूके बरिहा (कार्यक्रम अधिकारी-सामान्य ईकाई) एवं प्राची गुप्ता (कार्यक्रम अधिकारी-महिला इकाई) के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान के पांचवी वर्षगांठ पर महाविद्यालय में नशामुक्ति अभियान के तहत अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई। इस मौके पर विविध प्रतियोगिताएं भी हुई।

# माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण अधिनियम और अधिकारों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर माता पिता भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम पर जागरुकता अधारित वृद्धाश्रम में शिविर का आयोजन किया गया। अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा नयापारा दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम पहुंचकर वरिष्ठजनों को माता पिता भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के संबंध में सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से जानकारी दी गई तथा उनके रहन सहन एवं दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा उपस्थित वरिष्टजनों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं एवं उनके अधिकारों पर चर्चा करते हुए बताया कि जिनकी आयु 60 वर्ष अथवा उससे ज्यादा है, जो स्वयं आय अर्जित करने में असमर्थ है अथवा स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ है, ऐसे व्यक्ति उक्त अधिनियम अंतर्गत भरण पोषण करने के लिए आवेदन करने के हकदार है। वे भरण पोषण का आवेदन वरिष्ठ नागरिक, माता पिता अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष भी पेश कर सकते है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय द्वारा अधिकतम 10,000 (दस हजार) रुपए तक प्रतिमाह का भरण-पोषण खर्च वरिष्ठ नागरिक, माता-पिता को दिलाया जा सकता है, जिसका संबंधित न्यायालय द्वारा आदेश की एक प्रति निःशुल्क आवेदनकर्ता को प्रदान किए जाने का भी प्रावधान है।

वरिष्ठ नागरिक या माता पिता उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण-पोशण का आवेदन पेश कर सकते है अथवा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के प्रावधान के अंतर्गत न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में भी आवेदन पेश करने के लिए सक्षम है। अधिनियम में इस बात का भी प्रावधान है कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा सहायता के लिए यथासंभव प्रयास करेगी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा प्रदत्त करायी जाएगी। इसके अलावा आश्रम में दी जा रही सुविधा जैसे भोजन, पानी, बिजली, स्वच्छता अथवा मनोरंजन के साधन, स्वास्थय सुविधा पर भी चर्चा की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा चलाए जा रहे करूणा अभियान के बारे में बताया गया।

# एसआईआर कार्य का नपा सीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची अद्यतन कार्य को गति देने के उद्देश्य से मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी महासमुंद अशोक सलामे बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्य का मौका निरीक्षण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने शहरी क्षेत्र में चल रहे गणना प्रपत्र के वितरण प्रक्रिया की कार्रवाई का प्रत्यक्ष अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमओ सलामे शहरी क्षेत्र के मौहारी भाठा, कौशिक कालोनी, बेलदार पारा, नयापारा, लाल दाढ़ी पारा, पिटियाझर का दौरा किया। जहां उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति एवं गणना प्रपत्र की वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को मतदाताओं द्वारा फॉर्म भरने के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के संबंध में निर्देश दिए। फिल्ड में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी गणना प्रपत्र समय पर उपलब्ध कराए जाएं तथा पात्र मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान सभी कर्मचारियों को सतर्कता, गंभीरता और नियमों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान नपा राजस्व विभाग के गुमान सिंह ध्रुव, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श उपस्थित थे।



# छोटेलोरम में धान खरीदी उत्सव, विधायक ने कहा: किसानों के साथ खड़ी है राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांकरा

धान उपार्जन केंद्र, छोटेलोरम में धान खरीदी उत्सव 2025 का आयोजन हुआ, जिसमें बसना विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, सहकारी समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर खरीदी उत्सव का शुभारंभ किया और किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल धान खरीदी नहीं, बल्कि हमारे अन्नदाताओं के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और सम्मान का उत्सव है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों की उपज का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और किसान हितैषी होगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और निडर होकर अपनी उपज लेकर खरीदी केंद्र आएं। अपने संबोधन के बाद विधायक डॉ. अग्रवाल ने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने तौल मशीनों की सटीकता, टोकन वितरण प्रणाली, बारदाने की उपलब्धता और नमी मापक यंत्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कतार में खड़े किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। किसानों ने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए विधायक को धन्यवाद दिया।



विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने धान खरीदी को 'उत्सव' का स्वरूप देकर यह सिद्ध किया है कि वह किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने मुख्यमंत्री और कृषि विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड खरीदी, समय पर भुगतान और किसान हित में लिए गए निर्णय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देंगे। कार्यक्रम का समापन किसानों और जनसमूह के उत्साहपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विधायक डॉ. अग्रवाल ने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उत्सव किसानों के आत्मविश्वास और सम्मान को और सशक्त करेगा। इस अवसर पर भाजपा महासमुंद जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू,जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्ष उषा धृतलहरे, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्ष प्रतिनिधि व जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, सांकरा मण्डल अध्यक्ष हलधर साव, सांकरा सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, जनपद सदस्य सोहन पटेल, छोटे लोरम सरपंच जूही पारेश्वर, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार पारेश्वर उपस्थित रहे।

# 200 यूनिट तक बिजली बिल हाफ, लाखों उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के वर्तमान भवन में एक दिवसीय सत्र की अंतिम बैठक में 200 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना का लाभ देने की घोषणा की है। इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हमारी सरकार ने 42 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत का ऐलान किया है। मंगलवार को विधानसभा भवन के अंतिम बैठक को यादगार बनाने के लिए जनता के हित में यह ऐतिहासिक फैसला लिया गया है, यह हमेशा के लिए यादगार रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार पीएम सूर्यघर योजना के तहत लोगों को मुफ्त बिजली की ओर अग्रसर कर रही है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है। प्रदेश में एक लाख से ज्यादा लोगों ने सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन दिया है। 11 हजार से ज्यादा पैनल लग चुके हैं। अभी भी पैनल लगाने की रफ्तार थोड़ी धीमी है। इसलिए राज्य सरकार ने लोगों को हाफ बिजली योजना का फायदा देने का फैसला किया है। इसके तहत प्रदेश की जनता के लिए लागू 100 यूनिट तक बिजली बिल की छूट योजना को बढ़ाकर 200 यूनिट तक कर रहे हैं।



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि प्रदेश में अब 400 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक हाफ योजना का लाभ मिलेगा। इसमें 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले 36 लाख, जबकि 200 से 400 यूनिट तक खपत करने वाले 6 लाख उपभोक्ता शामिल हैं। इस प्रकार कुल 42 लाख उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।



### रंजीत को महाराष्ट्र में किया गया सम्मानित

**नर्रा।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के धमधीटोला गांव एवं लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव नाचा पार्टी सूरज किरण द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर एक दिवसीय जिला स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छग प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष व संस्थापक कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सबसे कम उम्र में नाचा गम्मत में अपने सराहनीय योगदान के लिए महोत्सव आयोजन कमेटी एवं पद्मश्री डोमार कुंवर सिंह के हाथों से रंजीत चक्रधारी को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महोत्सव में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश पदाधिकारीगण कमल नारायण देशमुख, माखन लाल साहू, ध्रुव साहू, गोपाल यादव, बिरेंद्र साहू, भीखम यादव, खिलावन साहू, सुभाष पटेल ने आयोजन की सराहना की।

### सांसद खेल महोत्सव में युवाओं एवं बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी छपोराडीह में किया गया। जहां विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई। महोत्सव में छपोराडीह, सिरपुर, पीढी, अमलोर, लहंगर, अचानकपुर क्षेत्र के स्कूली बच्चों के साथ साथ ग्रामीण टीमे ने खो -खो कबड्डी, गेड़ी दौड़, लंबी कूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सरवती पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस मौके पर अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष महासमुंद दिशा रामस्वरूप दीवान, जनपद सदस्य सृष्टि मोहित ध्रुव, डिगेश्वरी चंद्राकर अध्यक्ष भाजपा मंडल सिरपुर, त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव उपाध्यक्ष भाजपा मंडल सिरपुर, उमेश साहू, अंजलि जगन्नाथ खैरवार ज.प. सदस्य, रीना गैंदसिंग खैरवार सरपंच बंदोरा, पोषण यादव सरपंच लहंगर, सविता रामाधार दीवन सरपंच जलकी, धारेंद्र साहू सरपंच पीढी, भोजकुमारी पटेल सरपंव बांसकुड़ा, हीरालाल निषाद सरपंच छपोराडीह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विखं शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसी जगेश्वर सिन्हा, जिला खेल अधिकारी अंजली बरमाल, एबीओ हीना धालेन, संकुल समन्वयक नीरज साहू, धरम पटेल, खेमराज चौधरी, फनेंद्र बंजारे, जोगिंदर गिलहरे, संकुल प्राचार्य जरीना कुरैशी, विभाग के सभी पीटीआई, टीचर एवं क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवों का विशेष सहयोग रहा। सभी विजेता टीमों को मेडल एवं मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण संकुल प्राचार्य जरीना कुरैशी ने किया। नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत मैदान में उपस्थित सभी लोगों जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने नशामुक्ति संकल्प दिलाई। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन नीरज साहू ने किया।





### बृजराज स्कूल में नशामुक्ति शपथ का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री बृजराज विद्यालय में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत नशा उन्मूलन के महत्व पर जागरूकता संदेश के साथ हुई। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने अपने संबोधन में कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि सम्पूर्ण परिवार और समाज को प्रभावित करता है। शिक्षित युवा पीढ़ी ही नशामुक्त और सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंह ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा मित्रों को जागरूक करने का संदेश दिया। बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया और नशा-मुक्त समाज निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# जिले में धान खरीदी ने पकड़ी गति, चार दिनों में तेज हुई आवक

## जिले में मंगलवार तक 24 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, किसान धान खरीदी की व्यवस्था से संतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बिना किसी रुकावट के तेजी से जारी है। खरीदी शुरू हुए अभी मात्र चार दिन हुए हैं, लेकिन राज्य भर के उपार्जन केंद्रों में धान की आवक जोर पकड़ने लगी है। जिले के 130 समितियों के 182 उपार्जन केंद्रों में से 47 केंद्रों में 24 हजार 626 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। आज गुरुवार से लगभग सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों से निर्बाध रूप से धान खरीदने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सभी केंद्रों में पारदर्शी ऑनलाइन टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, नमी मापक यंत्र, पर्याप्त बारदाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई है, जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं हो रही। साथ ही धान बिक्री के साथ ही त्वरित भुगतान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में सभी केंद्रों में धान खरीदने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। महासमुंद जिले में भी अब किसान उत्साह से धान खरीदी केंद्रों में धान लेकर पहुंच रहे हैं।



बरोंडाबाजार गांव के कृषक ताम्रध्वज साहू ने 13 एकड़ खेती से 150 क्विंटल धान बेचा, मचेवा गांव के प्रणव साहू ने 18 एकड़ से 75 क्विंटल धान विक्रय किया। इसके अलावा लाफिन खुर्द गांव के बसंत सिंह ठाकुर ने 6 एकड़ खेती से 60 क्विंटल धान बेचा और एक दिन पहले ही ऑनलाइन टोकन कटवाकर आसानी से उपज बेची। इन सभी किसानों ने बताया कि इस बार टोकन व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है, तौलाई सही हो रही है, बारदाने की कोई कमी नहीं है और सरकार की व्यवस्थाओं से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील किया है कि हड़ताल के बावजूद वैकल्पिक इंतजामों से धान खरीदी का कार्य सुगमता पूर्वक हो रहा है। अतः किसान बिना किसी भ्रम के उपार्जन केंद्र पहुंचे और अपने धान का विक्रय करें।

# नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हुई विविध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन एवं विधायक एवं जनभागीदारी प्रबंधन समिति महाविद्यालय अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य करुणा, डॉ रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई मंचस्थ रहे।

प्राचार्य करुणा दुबे ने नशामुक्त भारत अभियान में कहा कि हमें मिलकर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। इस अभियान के ज़रिए नशे के सेवन को रोकने और नशे से पीड़ित लोगों का इलाज करने की कोशिश की जाए। मादक द्रव्य सेवन विकार एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है, जो मनोवैज्ञानिक संकट, पूर्वाग्रह, कलंक और सामुदायिक अस्थिरता से जुड़ी हुई है। इसके अतिरिक्त, आनुवंशिक संवेदनशीलता, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां और बाल दुर्व्यवहार या उपेक्षा सहित असंतुलित पारिवारिक वातावरण जैसे कारक, व्यक्तियों में मादक द्रव्य सेवन के प्रति संवेदनशीलता को काफी बढ़ा देते हैं। टॉल फ्री नंबर नशा मुक्ति के लिए 14416 एवं सामान्य स्वास्थ्य के लिए 104 हेल्पलाइन नंबर है। जिसमें आपको मदद मिलेगा। प्राचार्य करुणा दुबे ने सभी को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई। अजय कुमार राजा ने नशे मुक्त भारत अभियान पर



तंबाखू से होने वाले वाले दूष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करना, तंबाखू के आयात निर्यात को कम करना, कोटपा एक्ट 2003 को सही तरीके से लागू करना, तंबाखू छोड़ने में लोगों की मदद करना, तंबाखू से होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। यदि आप अपने आसपास इस एक्ट के नियमों का उल्लंघन करते हुए देखते हैं तो आप इस टोल फ्री नं. 1800 110 456 पर बात कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

डॉ रीता पांडेय ने कहा कि एक व्यक्ति से जुड़ना अभियान कहलाता है। इसी के तारतम्य में हमारे भारत देश में आज नशामुक्त भारत अभियान चला रहे। नशा जुनून व जोश है, लेकिन लत में बदल जाए तो नाश है। हमारी दैनिक दिनचर्या की दशा एवं दिशा बदल गई है। हर वर्ग के लोग आज विभिन्न प्रकार के नशा कर रहे है और अपने अंदर वह शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक प्रभाव को पैदा कर रहे हैं। आपके आस पास कोई व्यक्ति यदि नशा के लत में है तो उनके साथ आप सामान्य व्यवहार के साथ एक दूसरे के साथ बातों को साझा करते हुए उसे नशा से दूर करने का प्रयास करें। डॉ मालती तिवारी ने नशा वो होता है, जिसके कारण हम दैनिक जीवन जीने में असक्षम बना देता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ-साथ समाज की प्रगति के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। नशामुक्त भारत अभियान रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मनीराम धीवर, डॉ अजय कुमार देवांगन, पूजा यादव एवं महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी सहित अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने किया।

# लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार करने अधिकार मित्रों को दिए निर्देश

**महासमुंद।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत चलाए जा रहे नालसा के अभियानों एव आगामी आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराए जाने के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा लीगल एड क्लीनिकों, आरक्षी केंद्रों में पदस्थ सभी अधिकार मित्रों बैठक ली गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा आगामी आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने के संबंध में आम नागरिकों को जानकारी हो सके, इस उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इस प्रकार अधिकार मित्रों द्वारा अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम, ग्राम पंचायतों, शहरी क्षेत्रों, हाट-बाजारों एवं शासकीय कार्यालय परिसरों में जाकर बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में नालसा एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के योजनानुसार न्याय से कोई वंचित ना हो, न्याय हर घर तक पहुंच तथा न्याय जागरुकता, सूचना और पारदर्शिता पहल कर समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी अथवा उन्हे सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियानों से संबंधित चलाए जा रहे विधिक जागरुकता कार्याक्रमों की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### सोनापुटी में छात्रों को कराया नेवता भोज

**बागबाहरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी संकुल केंद्र खोपली में 17 नवंबर को हेमंत कुमार साहू प्रधान पाठक द्वारा न्योता भोज कराया गया। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर हुए लोगों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में कार्य किए टिकेश्वरी लहरे का शाला की ओर से सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक भीमसेन चंद्रकार, संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षिका रेखा चंद्राकर, चंद्रप्रभा साहू, फुलवारी के प्रधान पाठक मिथलेश साहू, मौलीमुड़ा के शिक्षक दिलीप ध्रुव, ग्राम प्रमुख राजकुमार साहू, पुराणिक निराला, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष असवंतीन दीवान, मोहिनी दीवान, लकेश्वरी साहू, डेरहा यादव सहायक शिक्षक व पालकगण उपस्थित थे।

### रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर गमले में लगाए गए पौधे

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत देश के महान वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर दो सौ गुलाब और गेंदा फूल के पौधे गमले में लगाए गए। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पंच लतिका यादव, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, नांदिनी यादव, गुलशन चंद्राकर, युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने भारत के इतिहास में अगर किसी एक स्त्री ने साहस, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की लौ को अमर कर दिया था और उनकी जयंती हर वर्ष 19 नवंबर के दिन मनाया जाता है। यह दिन है जब भारत उनकी वीरता को याद करता है और हर लोगों ने उनके जीवन से नई प्रेरणा पाते है। लक्ष्मी बाई की कहानी सिर्फ तलवार और घोड़े की नहीं, बल्कि उस औरत के जज़्बे की है जो अपने अधिकारों की रक्षा, भारत के गौरव और स्वाभिमान को बचाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत से भिड़ गई और अन्याय को चुनौती देकर खुद की पहचान बनाई थी।



### बागबाहरा में यज्ञ हवन के साथ हुआ भागवत महापुराण कथा विराम

**महासमुंद।** बागबाहरा के वार्ड नंबर 12 तेंदूलोथा में श्रीमद भागवत महापुराण कथा का विराम यज्ञ हवन के साथ हुआ। आचार्य नारायण शुक्ला ने भागवत महापुराण कथा में गीता के महत्व को बताते हुए कहा कि भागवत कथा मोक्ष की ओर ले जाती है और मन को भक्ति से भर देती है, जिससे मोह, शोक और भय का नाश होता है। उन्होंने समझाया कि भागवत कथा भगवान की लीलाओं और ज्ञान पर आधारित है, जबकि गीता जीवन का मार्गदर्शक ग्रंथ है जो निष्काम कर्म, आत्म-नियंत्रण और कर्तव्य पालन की शिक्षा देता है। आचार्य नारायण शुक्ला ने कहा कि भागवत कथा हमें जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त होने का रास्ता दिखाती है और मोक्ष की ओर ले जाती है। भागवत कथा सुनने से हृदय में भक्ति का भाव जागृत होता है, जो मन से मोह, शोक और भय को दूर करता है। यह कथा भगवान कृष्ण की लीलाओं पर आधारित है और भक्ति, ज्ञान और वैराग्य सिखाती है। कथा के आयोजक संतोष इंदिरा चंद्राकर समेत मेहतरू चंद्राकर, दाऊ लाल चंद्राकर, टेमन चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर, जितेन्द्र चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, देवदत्त चंद्राकर, भूपेन्द्र चंद्राकर, डिकेश चंद्राकर, देवेन्द्र चंद्राकर, कीर्ति चंद्राकर, सरिता चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

**समस्या:** हमालों की रोजी रोटी पर संकट, प्रतिदिन 4 हजार कट्टा की खरीदी हो

# नर्रा सोसायटी में दो दिन हुई खरीदी, तीसरे दिन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



छग में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरूआत हो गई है। वही जिले अंतिम छोर अंतरराज्जीय सीमा के प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा में धान की खरीदी सोमवार और मंगलवार को याने दो दिन सुचारू रूप से चला। बुधवार को धान खरीदी प्रभावित रहा। हमालों की रोजी रोटी पर संकट है।

हमालों कहना है कि 45 लोग तौल कांटा करते है। तीन से चार सौ कट्टा धान की खरीदी से दिनभर की मजदूरी 50 रुपए भी नहीं मिल रहा है। बुधवार को खरीदी केंद्र से घर आ गए। खरीदी के लिए पर्याप्त मात्र में ऑनलाइन टोकन किसान कटवा तो रहे है। खरीदी के लिए 17 प्रतिशत से कम उससे अधिक नमी होने से धान को लौटाया जा रहा है। इससे किसान परेशान है। लाने ले जाने अतिरिक्त भार है। इस कारण तीन से चार सौ कट्टा ही तौल व कांटा हो पा रहा है। इस संबंध में केंद्र के प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक का कहना है कि अभी खरीदी की शुरूवाती दौर है। खरीदी के दूसरे सोमवार को 428 कट्टा, मंगलवार को 358 कट्टा की खरीदी की गई।

तीसरे दिन बुधवार को टोकन 2 हजार कट्टा गुरुवार के लिए 3600 सौ कट्टा और शुक्रवार के लिए 3 हजार कट्टा की टोकन काटा गया है। हमाल प्रति दिन तौल के लिए 4 से 5 हजार कट्टा की मांग कर रहे है, तब जाकर हमाल तौल करने की बात कही गई। सहकारी कर्मियों के हड़ताल में चले जाने से खरीदी केंद्रों में व्यवस्था चरमरा गई है।

## परसुली केंद्र में वैकल्पिक प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खुली, अभी तक हमाल की व्यवस्था नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छग में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर 2015 से शुरूआत हो गई है। वही सहकारी कर्मियों के हड़ताल में चले जाने से वैकल्पिक प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। अनुभवहीन ऑपरेटर कर्मचारी को प्रभार सौंपे जाने के चलते दो दिन साफ्टवेयर स्टाल नहीं होने से नए ऑपरेटर व प्रभारी परेशान रहे। वहीं खरीदी के चौथे रोज खरीदी केंद्र परसुली में ग्राम परकोम के किसान चिंतामणि चंद्राकर का ऑनलाइन 186. क्विंटल धान का टोकन काटा गया था। वे किसान बुधवार को प्रातः 9 बजे करीबन धान विक्रय करने ट्रैक्टर से धान लेकर पंहुचे। जहां प्राधिकृत अध्यक्ष न तो प्रभारी न तो ऑपरेटर गेट पास की अनुमति नहीं दी गई। पांच से सात घंटे ट्रैक्टर में लोड धान बाहर खड़ा रहा। परसुली खरीदी केंद्र के प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल से इस संबंध में जानकारी लेने पर बताया कि कांटा तौल के लिए हमाल की व्यवस्था नहीं है। इससे धान खरीदी कर पाना मुश्किल हो गया है। दोपहर 3 बजे के बाद किसान को धान को वापस ले जाना पड़ा। इसके बाद किसान का गुरुवार व शुक्रवार के लिए टोकन काटा गया है, अब इस किसान का क्या होगा। वहां अव्यवस्था और लेटलतीफी से किसान हलाकान है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले सप्ताह के सोमवार को ही धान खरीदी होने की संभावना है।

## बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, छात्रों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

**सरायपाली।** शासकीय माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में कई शिक्षाप्रद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू और देवी सरस्वती के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य सहदेव प्रदान की निर्देशन में शाला में बाल दिवस का आयोजन किया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल, सदस्य तोषराम पटनायक, लालमन प्रधान, प्रकाश हमदेव की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें शाला के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दिया। भाषण, कविता, गीत नृत्य आदि का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा उकेरी। इस दौरान कमल किशोर अग्रवाल ने कहा कि बड़ों का आदर, लक्ष्य पर कायम रहकर दृढ़ निश्चय एवं मेहनत से हम आगे बढ़ सकते हैं तथा लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। जोगेश्वर कर सेवानिवृत्ति व्याख्याता ने भी अपने विचार रखें। प्राचार्य सहदेव प्रधान ने छात्र-छात्राओं को आगे आने वाले समय में अपनी प्रतिभा दिखाने तथा अध्ययन में अनुशासन और मेहनत करने पर बल दिया।

## जलगढ़ में एक दिवसीय गायत्री यज्ञ का हुआ आयोजन सुख-समृद्धि और आत्मशांति के लिए की गई प्रार्थना

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत जलगढ़ में स्व बिहारीलाल भोई की प्रथम पुण्यतिथि एवं साप्ताहिक बाजार जलगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक एकता की भावनाओं के साथ किया गया जिसमें ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति थी। कार्यक्रम में लिंगराज साहू (सरपंच प्रतिनिधि जलगढ), जनपद सदस्य



सुमित्रा भोई, मोहनलाल भोई (जनपद प्रतिनिधि), प्रफुल्ल भोई एवं उनका समस्त परिवार शामिल रहा, इनके नेतृत्व एवं सहयोग से पूरे आयोजन में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। यज्ञ की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। जिसके बाद उपस्थित लोगों ने हवन कुंड में आहुति देकर ग्राम की सुख-समृद्धि और स्वर्गीय बिहारीलाल की आत्मशांति के लिए प्रार्थना की। यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने अनुशासित रूप से विधि-विधान में भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वर्गीय बिहारीलाल के व्यक्तित्व एवं उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन ग्राम के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। परिवारजन एवं जनप्रतिनिधियों ने उनकी स्मृति में ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज में सद्भाव, शांति एवं संस्कारों को बढ़ावा देने वाला बताया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन तथा यूथ रेडक्रॉस सोसायटी इकाई के प्रभारी डॉ. आरएस पटेल के मार्गदर्शन में शिविर का संचालन किया गया।

महाविद्यालय और शुभा नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के विद्यार्थियों ने वालिंटियर के रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान



दिया। शुभा नर्सिंग होम की ओर से डॉ. भागेश्वर पटेल, डॉ. सुजाता पटेल, डॉ. नीतीश एवं नर्सिंग स्टाफ की टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमें प्रसन्नता है कि इस शिविर के माध्यम से छात्रों को समय पर स्वास्थ्य परामर्श मिला। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. आरएस पटेल ने कहा कि यूथ रेडक्रॉस सोसायटी विद्यार्थियों में सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी इस शिविर की सफलता का आधार रही। डॉ. भागेश्वर पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य जांच के माध्यम से छात्र अपने स्वास्थ्य की वास्तविक स्थिति को समझ पाते हैं। हमें खुशी है कि हमने छात्रों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। डॉ. सुजाता पटेल (शुभा नर्सिंग होम) ने कहा कि युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। आज के शिविर में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण करवाया, यह उनकी जागरूकता का सकारात्मक संकेत है। हम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों से जुड़ते रहेंगे। शिविर में महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। संयुक्त प्रयासों से आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ और कार्यक्रम की सभी ने सराहना की।

### नपाध्यक्ष ने दिए शौचालय निर्माण में गति लाने के निर्देश

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वच्छ भारत मिशन के



तहत बनाए जा रहे बीटीआई रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान और बरोंडा चौक के नकुल देव ढीढी उद्यान में निर्माणाधीन शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि काफी लंबे समय से उक्त कार्य धीमी गति से चल रहा था। इसकी शिकायत नपाध्यक्ष को मिली थी। नपाध्यक्ष ने दोनों उद्यानों का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी व ठेकेदार से कहा कि कार्य में गति लाएं तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। महत्वपूर्ण योजना के तहत बनाए जा रहे शौचालय से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। उद्यान में आने वाले बच्चों सहित सभी को बेहतर व स्वच्छ वातावरण मिलेगा। इस दौरान विभागीय संबंधित ठेकेदार व प्रभारी मौजूद रहे।

## नवागांव स्कूल में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में नशामुक्त भारत अभियान के पांचवें वर्षगांठ पर विद्यालय की समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों द्वारा प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा शपथ दिलाई गई। युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। यह अति आवश्यक है कि नशा मुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े देश के इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम यह प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएंगे। क्योंकि, बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने गांव जिला एवं राज्य को नशामुक्ति करने का दृढ़ निश्चय करें। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक बिहेंद्र साहू, अमर साहू एवं किरण दीवान, सफाई कर्मचारी अमृत बाई, रसोईया दयाबाई, हीरा बाई, कुमारी बाई, शाला नायक गौरव निर्मलकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व प्रधानमंत्री, आयरन लेडी, भारत रत्न इंदिरा गांधी तथा अदम्य साहस और वीरता की प्रतीक झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती स्थानीय कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसजनों सहित अनेक नागरिकों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और दोनों महान वीरांगनाओं के चित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के योगदान, देश की सुरक्षा,




हरित क्रांति, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, गरीबों के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए उनके दृढ़ नेतृत्व को नमन किया। वक्ताओं ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के अप्रतिम साहस, पराक्रम और देशभक्ति को स्मरण करते हुए बताया कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वे अमर नायिका थीं, जिन्होंने अद्भुत वीरता से अंग्रेजों का सामना किया और देश के लिए बलिदान दिया। सभा में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने कहा कि इंदिरा गांधी और रानी लक्ष्मीबाई दोनों ही भारतीय महिलाओं की शक्ति, समर्पण और साहस का सर्वोच्च प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर पार्टी समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और मजबूत करेगी।

कार्यक्रम में खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, आलोक चंद्राकर संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, संजय शर्मा महामंत्री, भरत ठाकुर, सोमेश दवे, वीरेंद्र चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, जावेद चौहान, नितेंद्र बैनर्जी, हुलास गिरी गोस्वामी, सचिन गायकवाड़, भूमिका ध्रुव, जय दास, तुलसी साहू, रवि साहू, जावेद चौहान, गोपी पाटकर, कृषलाल चंद्राकार, भोला राम पूर्व सरपंच, गंगा प्रसाद तारक, भानू सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

### कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोयंबटुर, तमिलनाडु से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त की राशि जारी है। करीब 18 हजार करोड़ हस्तांतरण करने का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र में देखा गया। महासमुंद जिले के 126234 कृषकों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि योजनांर्गत 25.25 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए।

स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सेवाराम कुर्रे सरपंच ग्राम पंचायत भलेसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के



शुरूआत में मां सरस्वती पूजन एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कुलगीत का गायन किया गया। कृषक संगोष्ठी अंतर्गत कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकों से अवगत कराया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा कृषक उपयोगी योजनाओं की जानकारी विस्तृत में दी गई। इस दौरान एफआर कश्यप उप संचालक कृषि विशेष रूप से उपस्थित रहे। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी भीमराव घोड़ेसवार, अनुविभागीय कृषि अधिकारी गणेश्वरी बंजारे एवं अभिषेक शर्मा, योगेश चंद्राकर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर एल शर्मा, डा साकेत दुबे विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यानिकी.), डा कुणाल चंद्राकर, विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान.), इंजि. रविश केशरी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (जल एवं मृदा अभि.), डा. पुनिथा कार्तिकेयन प्रोग्राम सहायक (कंप्यूटर), कमलकांत लोधी प्रक्षेत्र प्रबंधक एवं आसपास ग्राम के महिला एवं पुरूष कृषकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र का प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया, जहां पर पोषण बाड़ी, मातृफलोद्यान, अजोला उत्पादन इकाई, दुग्ध उत्पादन इकाई एवं बटेर पालन इकाई का भ्रमण कर इन इकाइयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को ग्राम पंचायत भलेसर सरपंच के हाथों फलदार पौधों का वितरण कराया गया।

